## संपादकीय

### वक्त का फैसला

प्रधानमंत्री और शिक्षामंत्री व शिक्षा अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक के बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की चार मई से होने वाली दसवीं की परीक्षा रद्द करने और बारहवीं की परीक्षा स्थगित करने का फैसला निस्संदेह वक्त की मांग थी। ऐसे में जब देश में आधिकारिक रूप से कोरोना संक्रमण के मामले प्रतिदिन 1.8 लाख तक पहुंचने लगे हैं तो स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। देश में छात्र-छात्राएं कुछ समय से परीक्षाएं स्थगित करने की मुहिम सोशल मीडिया के माध्यम से चला रहे थे। पूरे देश में लाखों छात्रों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और अदालत जाने की बात भी कर रहे थे। इसी बीच कुछ राजनेताओं ने भी मुद्दे को लपक कर बयानबाजी शुरू कर दी थी। कहा जा रहा था कि देश में लाखों विद्यार्थियों व शिक्षकों तथा शिक्षणोत्तर कर्मियों के एक साथ आने से देश कोरोना का हॉट स्पॉट बन जायेगा। निस्संदेह, परीक्षा रद्द होना या स्थगित होना सही मायनों में छात्रों में शैक्षिक गुणवत्ता विकास के हिसाब से उचित नहीं है, लेकिन वक्त की जरूरत के हिसाब से यही फैसला बनता था। परीक्षाएं किसी भी छात्र के जीवन में उसकी साल भर की मेहनत और ज्ञान का मूल्यांकन तो करती हैं, कई मानवीय गुणों का विकास भी करती हैं। यह भी तय है कि निकट भविष्य में बिना परीक्षा उत्तीर्ण किये गये छात्र-छात्राओं को जीवनपर्यंत कहा जा सकता है कि बिना परीक्षा के ऊपरी कक्षा में पहुंचे। फिर उन विद्यार्थियों को भी निराशा हुई होगी जो सौ में सौ अंक लाने के लिये जीतोड़ मेहनत कर रहे होंगे। बहरहाल, शिक्षा मंत्रालय ने ऐसे छात्रों को विकल्प देने का निर्णय किया है जो छात्र उत्तीर्ण होने के इन मानकों से संतुष्ट नहीं होंगे उन्हें स्थिति सामान्य होने पर परीक्षा देने का अवसर दिया जायेगा ताकि वे अपनी मेहनत को अंकों में बदल सकें। निस्संदेह, केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद देश के लाखों छात्रों व उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों ने संकट की इस घड़ी में राहत की सांस ली होगी। इन खबरों के बीच कि कोरोना का नया वैरिएंट छोटी उम्र के बच्चों को भी तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। बहरहाल, प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री की उपस्थिति में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि दसवीं की परीक्षा रद्द होने के बाद सीबीएसई के मानकों के आधार पर तय मापदंड के अनुरूप आंतरिक मूल्यांकन करके छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। साथ ही बारहवीं की परीक्षा का अगला कार्यक्रम तब की स्थिति के अनुरूप एक जून को बताया जायेगा। साथ ही परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी परीक्षा से पंद्रह दिन पहले तब के हालात के अनुरूप दी दी जायेगी। दरअसल, इससे पहले महाराष्ट्र, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ आदि राज्यों ने दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं कोरोना संकट के चलते आगे के लिये टाल दी थीं। बहरहाल, यह पहला मौका है कि केंद्रीय माध्यमिक परिषद की दसवीं की बोर्ड परीक्षा को पूरी तरह रद्द किया गया है। बुधवार की बैठक में इससे पहले ऑनलाइन परीक्षा व अन्य विकल्पों पर भी विचार किया गया था। साथ ही विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम तैयार करने के प्रारूप पर भी विचार किया गया; जिसके मानक सीबीएसई तैयार करेगी, जिसके आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार होगा। बहरहाल, इस निर्णय के बाद जहां छात्र अगली कक्षा में जाने के साथ ही भविष्य की तैयारी में जुट सकेंगे, वहीं स्कूलों में भी ग्यारहवीं कक्षा की शुरुआत करने को लेकर उत्पन्न दुविधा को दूर किया जा सकेगा। कम से कम ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से उन्हें ग्यारहवीं की पढ़ाई जारी रखने का अवसर समय पर मिल सकेगा। निस्संदेह किसी छात्र-छात्रा के जीवन में दसवीं व बारहवीं की परीक्षा एक मानक पड़ाव जैसे होते हैं, लेकिन मौजूदा संकट में इससे बेहतर विकल्प शायद ही संभव हो पाता। अब शिक्षकों और अभिभावकों का भी दायित्व बनता है कि मौजूदा संकट खत्म होने के बाद आगे की पढ़ाई की बुनियाद मजबूत करने की दिशा में गंभीर पहल करें।

# अमेजन 'संभव' का विरोध 'असंभव' के जरिये कर रहें छह लाख विक्रेता

**नईदिल्ली ।** देश के रिटेल कारोबार पर कब्जा को लेकर ई-कॉमर्स कंपनियों और छोटे कारोबारियों के बीच जंग छिड़ गई है। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन द्वारा 'संभव सम्मेलन' करने के बाद देशभर के छोटे कारोबारियों और विक्रेताओं ने 'असंभव सम्मेलन' के जरिये विरोध जता रहे हैं। का कारोबार तेजी से बढ़ा है। अमेरिकी कंपनी अमेजन भारत में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी की हर संभव कोशिश कर रही है।




इसी कड़ी में अमेजन ने भारत के लघु एवं मझोले उपक्रमों को डिजिटल बनाने में मदद करने के लिए 1,873 करोड़ रुपये का कोष बनाने का ऐलान किया है। अमेजन ने इस कोष की घोषणा अपने वर्चुअल सम्मेलन 'संभव' में की है। हालांकि, जानकारों का कहना है कि यह बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की एक रणनीति ही है।अमेजन वेब सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने कहा कि लघु एवं मझोले उपक्रम अर्थव्यवस्था का इंजन होते हैं। जेसी ने संभव कार्यक्रम में कहा कि इसके तहत अमेजन का इरादा और एसएमबी को अपने नए कारोबार के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करना हैं।

छह लाख से अधिक छोटे भारतीय व्यापारियों, वितरकों और विक्रेताओं के प्रतिनिधि 'असंभव सम्मेलन' के जरिये विदेशी ई- वाणिज्य कंपनियों के देश में कथित भेदभावपर्ण व्यवहारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें आल इंडिया आनलाइन वेंडर्स एसोसियेसन, आल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसियेसन और पब्लिक रिसपोंस अगेंस्ट हेल्पलेसनेस एण्ड एक्शन फार रिड्रेसेल यानी प्रहार सभी मिलकर इस सम्मेलन का आयोजन करने जा रहे हैं।

कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि ई- कॉमर्स कंपनियां लगातार अनुचित व्यवहारों में लिप्त रहती हैं। इसके लिए वह सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द कानून लाया जाए जिस तरह चीन में किया गया है। चीन ने अलीबाबा पर जुर्माना लगाया है। ठीक वैसे ही भारत में विदेशी कंपनियों पर किया जाए।

## इरडा ने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस पर ठोंका 25 लाख का जुर्माना

**नईदिल्ली ।** बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को मोटर थर्ड पार्टी बीमा दायित्वों से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इरडा के अनुसार, बीमा कंपनी ने 2017-18 के दौरान मोटर थर्ड पार्टी बीमा से संबंधित अपने न्यूनतम दायित्व को पूरा नहीं किया।

अपने आदेश में इरडा ने कहा है कि उल्लंघन पुनरावृत्ति और इसकी संख्या को देखते हुए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इरडा ने दंड के तौर पर लगाई गई राशि का ऑनलाइन भुगतान करने को कहा है।

## आज रोहित और वॉर्नर की टीमों में टक्कर

**चेन्नई ।** आईपीएल 2021 के नौवें मैच के तहत सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच भिड़ंत होगी। टूर्नामेंट में दोनों टीमें अब तक दो -दो मैच खेल चुकी हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने अब तक एक मैच जीता है और एक में उसे हार का सामना करना पड़ा ।

वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को अपने खेले दोनों मैचों के तहत हार मिली है। मुंबई इंडियंस जहां जीत की लय को बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरने वाली है तो वहीं केकेआर जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी। बता दें कि मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला चेन्नई के चेपॉक मैदान पर भारतीय समय के हिसाब से 7.30 बजे से खेला जाएगा।

मुकाबले टॉस करीब आधे घंटे पहले ही जाएगा। वैसे अगर आप मैचों के लाइव प्रसारण का आनंद उठाना चाहते हैं तो स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर देख सकते हैं। स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं में भी प्रसारण किया जा रहा है । इसके अलावा डिज्नि + हॉटस्टार ऐप के जरिए भी मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग की जा सकती है।

वैसे मुंबई और हैदराबाद दोनों टीमों के पास मैच जिताऊ खिलाड़ी हैं जो अपनी-अपनी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए नजर आ सकते हैं।

## रेलवे परिसर में बिना मास्क पकड़े गए तो लगेगा 500 का जुर्माना कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर रेलवे ने उठाया कदम

**नईदिल्ली ।** रेलवे परिसरों में अब बिना मास्क के घूमना महंगा पड़ सकता है। जी हां, भारतीय रेलवे अब अपने परिसरों में मास्क नहीं पहनने वालों पर 500 रुपए का फाइन लगाएगा। भारतीय रेलवे ने यह कदम देश में तेजी से फैलते कोरोना संक्रमण रोकने के इरादे से उठाया है। रेलवे पहले से यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग कर रहा है और कोरोना प्रोटोकॉल के तहत नियमों को तोड़ने पर जुर्माने की राशि भी अधिसूचित कर दी है। रेलवे ने कहा कि अगर अब कोई ट्रेन के भीतर या स्टेशन परिसर में मास्क नहीं पहनता है तो उस पर 500 रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है।



रेलवे की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि मास्क नहीं पहनने पर फाइन का आदेश अगले छह महीने तक लागू रहेगा। कई राज्य की सरकारें भी मास्क नहीं पहनने पर इस तरह का आदेश जारी कर चुकी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने फरमान जारी किया है कि अगर पहली बार बिना मास्क के पकड़े जाते हैं तो 1000 रुपए का जुर्माना लगेगा जबकि दूसरी बार पकड़े जाने पर जुर्माना 10 हजार रुपया होगा।

बता दें, भारतीय रेल औसतन एक दिन में 1,490 मालगाड़ियों और एक्सप्रेस ट्रेनों तथा 5,397 उपनगरीय ट्रेन सेवाओं का संचालन करती है। रेलवे ट्रेनों के 28 क्लोन ट्रेनें और 947 यात्री ट्रेनों का संचालन भी कर रहा है और करीब 70 प्रतिशत ट्रेन सेवा बहाल है। रेलवे देश भर में अतिरिक्त भीड़ कम करने के लिहाज से रेलवे 140 अतिरिक्त ट्रेनों का भी संचालन कर रहा है।

## लिस्टिंग के डेढ़ महीने में कंपनी के शेयर ने दिया 150 प्रतिशत रिटर्न

**नईदिल्ली ।** कोरोना की दूसरी लहर के बीच शेयर बाजार में महज डेढ़ महीने पहले लिस्ट हुई हेल्थकेयर और वेलनेस कंपनी न्यूरेका ने कमाल कर दिया है। इस अवधि में इसने 150 फीसद का रिटर्न दिया है. इस साल 25 फरवरी को इस कंपनी के शेयर 634.95 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए थे और इसमें 10 फीसद का अपर सर्किट लग गया। महज डेढ़ महीने में ही इसका भाव 634.95 रुपये से 1,004.90 रुपये पर पहुंच गया है। बता दें न्यूरेका का 100 करोड़ रुपये का आईपीओ 15 से 17 फरवरी के दौरान खुला था और इसे कुल 39.93 गुना सब्सक्राइब किया गया था। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी ने 99.48 करोड़ रुपये के रेवेन्यू और 6.4 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। विश्लेषकों को कंपनी से मार्च तिमाही में दमदार नतीजों की उम्मीद है। उनके मुताबिक कंपनी लाइफस्टाइल से जुड़े उम्दा प्रोडक्ट्स भी सप्लाई करती है, जिससे आने वाले सालों में इसकी ग्रोथ दमदार हो सकती है। विश्लेषक निवेशकों को मुनाफा भुनाने के बजाय अपनी पोजिशन होल्ड करने की सलाह दे रहे हैं। कोरोना की दूसरी लहर के चलते ऑक्सीमीटर, थर्मोमीटर, बीपी मॉनिटर, नेब्यूलाइजर जैसे उत्पादों की मांग बढ़ी है। दरअसल, न्यूरेका ऐसे ही प्रोडक्ट्स बनाती है। कंपनी पांच श्रेणियों- क्रोनिक डिवाइस, ऑर्थोपेडिक, मदर एंड चाइल्ड, न्यूट्रीशन और लाइफसाइट सेगमेंट के प्रोडक्ट सप्लाई करती है।

## थालापति65 में नजर आएंगी पूजा हेगड़े, मेकर्स से वसूली मोटी रकम

साउथ और बॉलीवुड की अभिनेत्री पूजा हेगड़े आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। वो इन दिनों अपने बॉलिवुड और साउथ के कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। अब इसी बीच खबरें सामने आ रही है कि पूजा हेगड़े जल्द ही साउथ अभिनेता थालापति विजय की अगली फिल्म थालापति65 में नजर आएंगी। ये एक तमिल फिल्म है जिसकी रिलीज का इंतजार उनके चाहने वाले काफी समय से कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री पूजा हेगड़े अभिनेता थालापति के साथ उनकी अगली फिल्म थालापति 65 में रोमांस करने वाली है।

फिल्म में विजय के साथ पूजा हेगड़े रोमांस करती हुई दिखाई देंगी। लेकिन अब इसी बीच उनकी फीस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म की कास्ट अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने फिल्म के लिए भारी-भरकम रकम वसूली है। खबरों के अनुसार पूजा हेगड़े ने फिल्म के लिए तीन करोड़ मिले हैं। वहीं फिल्म की शूटिंग ज्यादातर रूस में की जाएगी।

सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि पूजा हेगड़े को फिल्म में लीड रोल के लिए तीन करोड़ दिए गए हैं। ये पूजा हेगड़े की अब तक की सबसे ज्यादा किसी भी फिल्म के लिए सबसे महंगी फीस है। इससे पहले उनको किसी भी फिल्म के लिए इतनी मोटी रकम हासिल नहीं हुई है। पूजा हेगड़े को थालापति विजय के साथ फिल्म करने का मौका नहीं छोड़ सकती है।



यही कारण है कि अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने इस फिल्म साइन किया है। इसके अलावा पूजा हेगड़े आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। जिसमें उनकी फिल्म राधे श्याम, कभी-कभी दिवाली और रणवीर सिंह के साथ फिल्म सर्कस जैसी शामिल है।

## टाइगर श्रॉफ ने पूरी की फिल्म हीरोपंती 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टाइगर श्रॉफ आने वाले दिनों में कई फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले है। इसी लिस्ट में टाइगर श्रॉफ की फिल्म हिरोपंती 2 भी शामिल है। अब टाइगर श्रॉफ की फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि टाइगर श्रॉफ की फिल्म हिरोपंती की शूटिंग कुछ समय पहले ही शुरू की गई थी। हालांकि अब अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने हीरोपंती 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है।



बता दें कि अभिनेता पिछले काफी समय से मुंबई में ही फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। टाइगर श्रॉफ ने पहले शेड्यूल की शूटिंग को पूरी कर ली है। इस बात की जानकारी तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर टाइगर श्रॉफ की तस्वीर शेयर करते हुए दी है।

जिसमें वो अपने सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ दिखाई दे रहे हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें टाइगर श्रॉफ ने अपनी फिल्म हीरोपंती के साथ बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी।

उनकी ये फिल्म साल 2014 में रिलीज की गई थी। इसके बाद अब टाइगर श्रॉफ फिल्म हीरोपंती 2 के सीक्वल में नजर आने वाले हैं।

फिल्म टाइगर श्रॉफ के तारा सुतारिया भी अहम रोल में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। वहीं इसके प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला है। फिल्म का ऐलान पिछले साल मेकर्स ने दो पोस्टर शेयर करते हुए दिया था।

## श्रुति उल्फत पिंजरा खूबसूरती का के कास्ट में हुईं शामिल

अभिनेत्री श्रुति उल्फत टेलीविजन धारावाहिक पिंजरा खूबसूरती का के कास्ट में शामिल हो गई हैं। वह फैशन टायकून और समाज सेविका विशाखा राजवंशी का किरदार निभाएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, विशाखा का किरदार कुछ ऐसा है, जो अपनी जिंदगी में काफी मुश्किल हालातों में से होकर गुजरी हैं और उन सभी का बेहतरी से सामना भी किया है। अब चूंकि उसके पास पावर है इसलिए वह संघर्षो से जूझ रही




महिलाओं की मदद करना चाहती है ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सके। वह महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती हैं और इसी काम के लिए उसने एक एनजीओ की शुरुआत की है।

श्रुति ने बताया कि उनका किरदार शो में एक ट्विस्ट लेकर आएगा। विशाखा को मयूरा की मदद करते दिखाया जाएगा, जिसे रिया शर्मा निभा रही हैं।

## आज का राशिफल

मेषः पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है।

वृषभः कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

मिथुनः सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

कर्कः धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

सिंहः कुसगति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

कन्याः शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

तुलाः शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है।

वृश्चिकः किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा।

धनुः राजभय रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है।


मकरः प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें।

कुंभः चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। यश बढ़ेगा। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है।

मीनः कुबुद्धि हावी रहेगी। चोट व रोग से बचें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।

## घर पर बनाएं स्वादिस्ट ब्रेड ढोकला

**ब्रेकफास्ट में क्या हेल्दी बनाएं जो स्वादिष्ट भी हो और मोटापा भी न बढ़ाए। ऐसे में ब्रेड ढोकला की रेसिपी करें ट्राय।**



**सामग्री :**

4 ब्रेड स्लाइस, 1/2 कप हंग कर्ड, 1 टेबस्पून तेल (तड़के के लिए), आधा टीस्पून राई, 2-3 हरी और लाल मिर्च (लंबाई में टुकड़ों में कटी हुई), स्वादानुसार नमक, 1 टीस्पून चीनी, 1 टीस्पून नींबू का रस, 1 टेबस्पून हरा धनिया (बारीक कतरा हुआ), थोड़ा सा ताजा नारियल (कद्दूकस किया)

**विधि :**

छोटी कड़ाही में तेल गरम कर राई तड़काएं। फिर उसमें हरी और लाल मिर्च हल्की सी तल लें। अब इसमें आधा कप पानी, नमक और चीनी डालें। उबाल आने पर गैस बंद करें और नींबू का रस मिलाएं। तैयार तड़के को एक तरफ रख दें। अब सभी ब्रेड स्लाइसेज़ को एक के ऊपर एक रखें और उनके किनारे काटकर अलग कर दें। दही में स्वादानुसार नमक डालें और अच्छी तरह मिक्स करें। एक ब्रेड स्लाइस पर दही लगाएं। उस पर दूसरा ब्रेड स्लाइस रखकर हल्के हाथ से दबाएं और सैंडविच बना लें। सैंडविच को चौकोर आकार में काटें और तैयार तड़के को चम्मच से ढोकले के ऊपर सभी जगह डालें। हरा धनिया या कद्दूकस किए हुए नारियल को ऊपर से डालकर सजाएं और झटपट ब्रेड ढोकला सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 52

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 51 का हल**



## सू-दोकू- 52

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |